## संक्षिप्त

### डी.ई.ओ. माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार गोपालिया का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) जिला भरतपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवकीनंदन 'देवा' के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार गोपालिया के कार्यग्रहण करने पर माला, साफा पहनाकर एवं शॉल उढाकर बधाईयां एवं शुभकामनाऐं प्रेषित कीं। रेसला के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष हरवीर सिंह फौजदार, जिला कोषाध्यक्ष किशन सिंह अम्बेश, सरंक्षक नवनीत प्रधान एवं किशन सिंह भटावली, ओमवीर सिंह, वीरीसिंह, बलराम बघेल, नरेन्द्र सिंह सहित शिक्षा विभाग से जुड़े कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी इस मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार गोपालिया ने कहा कि भरतपुर जिले के समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही मेरी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभी के लिये सदैव खुला रहेगा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) टीम का आभार व्यक्त किया।

### मासिक बैठक हुई आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में स्थानीय विश्व प्रिय शास्त्री पार्क भरतपुर में राष्ट्रीय ओल्ड इज गोल्ड संस्था की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा द्वारा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. जीवनलाल शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि बनय सिंह धावई थे। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, साथ ही मुख्य अतिथि इं. जीवनलाल शर्मा द्वारा सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में तय हुआ कि जुलाई माह में भरतपुर के सभी पार्कों में संस्था द्वारा वृक्षारोपण कराया जायेगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जावेगा व अन्य सामाजिक कार्य किये जायेंगे। उन्होंने समस्त कार्यकारिणी को बधाई दी तथा उनको रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री राकेश अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यकारिणी में दिनेश चंद शर्मा जिलाध्यक्ष, राकेश अग्रवाल जिला महामंत्री, भारत शर्मा वरि0 उपाध्यक्ष, राजाराम फौजदार एवं सुरेन्द्र डंडौतिया उपाध्यक्ष, शिवदयाल गुप्ता कोषाध्यक्ष, दिनेश शर्म व्याख्याता संयुक्त मंत्री, डॉ. हरीओम शर्मा सांस्कृतिक मंत्री, जगदीश गुप्ता कार्यालय मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों में मुख्यार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रमेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह फौजदार, छोटू राम चौधरी, जमुना दास लोधा, श्रीनिवास शर्मा, विनोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अवध बिहारी भारद्वाज एवं नन्दू सतीजा को चुना गया। इस अवसर पर खैमचंद सक्सैना, मदन गोपाल गर्ग, राजेन्द्र सिंह भगौर, उपेन्द्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एकादषी पर्व बडी धूमधाम से मनाया

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में घाट स्थित श्री अग्रसेन महादेव मंदिर पर आज एकादशी पर्व के अवसर पर बडी धूमधाम से धार्मिक आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन मित्तल ने बताया कि मंदिर में शिव परिवार का अभिषेक कार्यक्रम मंत्रोच्चार विधि से पं. प्रेमी शर्मा एवं पं. वेद प्रकाश द्वारा अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के महामंत्री महेश चंद सिंघल के मुख्य आतिथ्य में कराया गया। मंदिर परिसर में फूल बंगला की सजावट एवं ऋतु फल आम की झांकी सजा कर भजन संकीर्तन के माध्यम से भोले बाबा को रिझाया गया एवं महाआरती की गई।

### महावीर शर्मा बने ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष

**सपोटरा करौली,** (निंसं.) उपखंड मुख्यालय की गणेश ब्राह्मण धर्मशाला में शनिवार को दिनेश चंद वैद्य की अध्यक्षता में नगरपालिका क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से महावीर प्रसाद शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष प्रियवृत शर्मा ने बताया कि बैठक में विष्णु वकील ने महावीर प्रसाद शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सर्वसम्मति व्यक्त करते हुए अध्यक्ष चुना गया।

# ब्राह्मण महासंघ ने जिले की 411 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**करौली।** ब्राह्मण महासंघ जिला करौली के तत्वावधान में जिलास्तरीय ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गार्डन करौली इन में रविवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्रुवघटा आश्रम महन्त हरेन्द्रानंद सरस्वती, ब्रह्मऋषि आश्रम महन्त भगवानदास जी महाराज, अतेवा धाम के सन्त मौनी बाबा और मण्डरायल बिरखो धाम के महन्त रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय उर्फ बन्टू नेता ने की वहीं विशिष्ट अतिथि करौली नगरपरिषद सभापति डॉ0 राजरानी शर्मा व ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी व जिले के ज्येष्ठ, श्रेष्ठ ब्राह्मण बन्धु रहे। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के चित्रपट पर



करौली मे संतो ने बा्रह्मण समाज कि प्रतिमाओ को सम्मानित किया।

दीपप्रज्ज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण करौली जिलाध्यक्ष पण्डित योगेश शर्मा ने देते हुये कहा कि इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत हैसाथ ही उपस्थित लोगों से कहा कि पूरे करौली जिले के प्रत्येक तहसील स्तर पर आज ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारी समाज हितार्थ तत्पर हैं वहीं जिलामहामंत्री सत्यनारायण महेरा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये कहा कि जिले के 14 संग्रहण केन्द्रों पर जिले की प्रतिभाओं ने अपने आवेदन जमा कराये जिनका सम्मान आज किया जा रहा है।प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मण महासंघ समाज के हितार्थ सदैव तत्पर रहा है व आगामी समय में भी समाज के उत्थान हेतु सदैव संगठन कार्य करता रहेगा उसी के तहत आगामी समय में करौली मुख्यालय पर ब्राह्मण समाज के प्रतियोगियों की निःशुल्क रूप से तैयारी करने के लिये लिये पुस्तकालय की स्थापना की जायेगी वहीं पूरे प्रदेश स्तर की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। साथ ही समाज के लोगों की ताकत के लिये ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारी सदैव तत्पर रहेंगे।मंच संचालक प्रदेश संगठन महामंत्री शान्तनु पाराशर ने कहा कि करौली जिले के अलावा, दौसा, गंगापुर, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, जयपुर, धौलपुर में संगठन का विस्तार हो चुका है शीघ्र ही राजस्थान के अन्य जिलों में इसका विस्तार होगा, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समरसता व स्वजातीय गतिशीलता है।कार्यक्रम में बिभिन्न कक्षाओं व प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने बाले मेधावियों से सभी के समक्ष प्रेरणास्वरूप विचार रखवाये तो उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिये माता-पिता का आशीर्वाद,लक्ष्य के प्रति समर्पण और योजनाबद्ध तरीके से कठोर मेहनत आवश्यक है।कार्यक्रम में भामाशाह नरेश अरेहला मकनपुर बाले, पिन्टू सुरेश खैमरिया, जगदीश शास्त्री-योगेश मुद्गल शास्त्री मोटर्स कैलादेवी, एडवोकेट मनोरमा शर्मा, सुनील सत्यनारायण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, वीरेन्द्र कमलेश शर्मा,कल्पेश कैम्पर, राजेश महेरा टैंट का मंच से सम्मान किया गया।

## छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह किया जायेगा

**भरतपुर** (निस)। जिला जाटव महासभा समिति की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 23 जून सोमवार प्रातः 11 बजे बाबा मैरिज होम, अनाह गेट, तोप सर्किल भरतपुर पर आयोजित किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद संजना जाटव होंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रो. अरविंद वर्मा शिरकत करेंगे। सम्मान समारोह को लेकर समाज के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि निर्धारित तिथि 18 जून निकलने के बाद भी मापदण्डों के अनुरूप प्रार्थना पत्र आने का सिलसिला जारी है। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व सरपंच सोहन सिंह नगला तेहरियां द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसकी निगरानी जिलाध्यक्ष धर्मसिंह फौजी के नेतृत्व में की जा रही है। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्रों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारी, सामाजिक व राजनैतिक व्यक्ति भी आमंत्रित किए गए हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री के बयानों पर भाजपा प्रवक्ता शैलेष कौशिक का पलटवार

- कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर गहलोत सरकार को घेरा

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत द्वारा कानून व्यवस्था, बिजली, पानी जैसे मुद्दों पर दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को बयानों से पहले अपनी सरकार के कानून व्यवस्था के आंकडों पर गौर फरमाना चाहिये था।

उन्हें सोचना चाहिए कि क्या कारण रहे कि 2018-2023 तक पूरे राजस्थान में कानून व्यवस्था चौपट रही, बिजली-पानी की स्थिति बदहाल तथा पेपर लीक का नया उद्योग पनपा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौषिक ने कहा कि वर्ष 2023 (गहलौत सरकार) तथा वर्ष 2024 (भजनलाल सरकार) के आपराधिक दर्ज आंकडों को तुलनात्मक रूप से देखें तो वर्ष 2024 (भजनलाल सरकार) में वर्ष 2023 (गहलोत सरकार) की तुलना में आईपीसी/बीएनएस के सभी शीर्षकों के अपराध में कमी आई है। जहॉ हत्या के मामलों में 9.11 प्रतिशत कमी आई है, वहीं डकैती के मामलों में 15.07 प्रतिशत, लूट के मामलों में 9.82 प्रतिशत, अपहरण के मामलों में 1.99 प्रतिशत, दुष्कर्म के मामलों में 2.89 प्रतिशत और चोरी के मामलों में 11.46 प्रतिशत सहित समग्र अपराध की स्थिति में 7.74 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं महिला अत्याचार के मामलों में 10.61 प्रतिशत की कमी आई है जो निश्चित रूप से राजस्थान सरकार की अपराध व अपराधियों के खिलाफ दृढ इच्छा शक्ति की कार्यवाही को प्रदर्शित करता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उनकी सरकार की प्राथमिकताएॅ जिनमें युवाओं को रोजगार, पेपर लीक माफिया पर कार्यवाही, महिला सम्मान एवं सुरक्षा, किसानों को कल्याणकारी योजनाएॅ, आधारभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, उद्योगों को बढावा, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना, हर घर जल से नल पहुॅचाना, एवं गरीब कल्याण सहित, अन्य योजनाएॅ लगातार धरातल पर उतर रही हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संकल्प 2047 तक राजस्थान को विकसित राजस्थान की श्रेणी में लाना है जिसके लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री और उनकी सरकार की प्राथमिकताएॅ पेपरलीक उद्योग को संरक्षण देकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड, सरकार बचाने के लिये पांच साल तक अन्तर कलह, पुत्र मोह में आरसीए पर कब्जा, विधायकों को लूट की खुली छूट तथा किसानों को कर्ज माफी के नाम पर धोखा शामिल थीं।

## नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सूरौठ।** नशे के विरुद्ध कार्यरत संस्था आदर्श बाल विद्या विहार संस्था दौसा के तत्वाधान में सूरौठ तहसील की ग्राम पंचायत जटवाड़ा में नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योग दिवस के अवसर पर नशा छोड़ो जीवन बदलों की थीम पर कार्य किया गया इसमें नशें को ना और जिंदगी को हां के लिए युवाओं को संबोधित किया गया, संचालक अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी की मन की बात का सम्मान कर देश के युवा नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करें, नशा परिवारों की दशा और दिशा को बदल देता है, इस मौके पर एडवोकेट चेतन जैमिनी ,मीनू सहारिया, शिक्षक दुर्गेश सहारिया, संस्था के सदस्य उमाकांत सहारिया आदि उपस्थित रहे सभी ने युवाओं को नशें को न करने का संकल्प बनवाया, व नशे के विरोध अणुव्रत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए संबोधित किया।

# भरतपुर में खाटू श्याम बाबा के रात्रि जागरण में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजरी

**भुसावर भरतपुर** (निस)। भुसावर कस्बे मे एक शाम हारे के सहारे के नाम द्वितीय श्री श्याम विशाल भजनामृत रस गंगा का आयोजन श्री श्याम सेवा मंडल भुसावर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार देर शाम को राधा रानी रिसोर्ट में किया गया जहां श्याम प्रेमीयो ने हजारों की संख्या में पहुंचकर खाटू श्याम बाबा की पावन ज्योति एवं मनमोहक श्रृंगार के दर्शन करते हुए भजन अमृत रस गंगा में अपनी हाजिरी लगाई वही दूर दराज के क्षेत्र से आए गायक कलाकारों ने अपने भजन सुन कर उपस्थित श्रोताओं का समा बांध दिया।

- मनमोहक श्रृंगार के दर्शन करते हुए भजन अमृत रस गंगा में अपनी हाजिरी लगाई वही दूर दराज के क्षेत्र से आए गायक कलाकारों ने अपने भजन सुन कर उपस्थित श्रोताओं का समा बांध दिया

श्याम सेवा मंडल के सदस्यो ने जानकारी देते हुए बताया कि दीवली



श्री श्याम सेवा मंडल भुसावर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार देर शाम को राधा रानी रिसोर्ट में किया गया।

सड़क मार्ग स्थित राधा रानी रिसोर्ट में बांदीकुई से आए श्याम भक्तों ने बाबा का मनमोहक दरबार सजाते हुए फूलो से श्रृंगार किया गया जिसके दर्शन करते हुए श्याम भक्त मंत्र मुग्ध हो गए और भरतपुर से पधारे पंडित रामबाबू शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ बाबा की पावन ज्योति प्रज्वलित की। वही कार्यक्रम स्थल पर दूसरी ओर प्रमोद उपाध्याय, म्यूजिकल ग्रुप की धमाकेदार धुनों के साथ गायक कलाकार सत्यवीर ने गणेश वंदना हनुमान वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ किया तो प्रीति शर्मा आगरा, गर्जेद्र शर्मा जयपुर, पंकज कटारा रुदावल, श्रीधाम वृंदावन से पधारी अनंत हरिदासी दीदी मीनू शर्मा ने मेरे दो ही रिश्तेदार एक तो बांके बिहारी, नौकर रख ले लखदातार, वृंदावन जाउंगी सखी में वृंदावन, नैना लड़ी मुरलिया वाले से अब घर कैसे जाऊं, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे आदि भजन सुना कर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। श्री श्याम भजनामृत रस गंगा का समापन बाहर बल्लभगढ़, महवा, छोकरवाड़ा, नदबई, भरतपुर, हलेना आदि क्षेत्र से पधारे श्याम प्रेमियों का दुपट्टा एवं श्याम बाबा की तस्वीर, छवि देकर सम्मान करते हुए खाटू श्याम बाबा की मोर छड़ी का झाडा लगाते हुए आरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ किया गया। खाटू श्याम बाबा के रात्रि जागरण में असामाजिक तत्वों पर निगरानी बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# करीब एक माह की रोक के बाद फिर से दौडने लगे ओवरलोड सैण्ड स्टोन ब्लॉक से भरे ट्रेलर

**रुदावल भरतपुर** (निस)। रुदावल क्षेत्र के बंशी पहाडपुर में प्रशासन की सख्ती के चलते अवैध खनन माफियाओं पर काफी हद तक अंकुश लगने के बाद करीब दो माह बाद एक फिर से सैण्ड स्टोन ब्लॉक से भरे ओवरलोड वाहन सडकों पर दौडने लगे है। ओवरलोड वाहनों के संचालन के बाद भी अभी अवैध खनन कारोबारियों ने अपने कारोबार को सीमित ही कर रखा है। राज्य सरकार की ओर से अवैध खनन पर सख्ती के साथ अंकुश लगाने के आदेशों के चलते पुलिस, खनिज एवं वन विभाग की टीम भी सख्ती बरत रही है। क्षेत्र में खनिज विभाग की ओर से खनन कार्य के लिए लीज पट्टे जारी किए गए है। इन लीज धारकों से निकलने वाले सैण्ड स्टोन व जारी होने वाले रवन्ना से अधिक सैण्ड स्टोन पर अधिशुल्क वसूलने के लिए रॉयल्टी ठेका भी दिया हुआ है।

गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का अधिशुल्क वसूली के ठेका की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सरकार की ओर से अधिशुल्क वसूली का ठेका भी दिया हुआ है। क्षेत्र में वैध खनन से अधिक अवैध खनन कारोबार होता है। सरकार की सख्ती के चलते अधिशुल्क वसूली के ठेका का भी अभी तक सुचारू संचालन नही हो रहा है। अधिशुल्क वसूली को लेकर खनन क्षेत्र में यह बात भी आमचर्चा में है कि निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने को लेकर तकरार चल रही है। अब आगे देखना यह है कि अवैध खनन को वैध में बदलने वाली फैक्ट्री कब अपना प्रभाव दिखाकर प्रशासन से सांठगांठ कर अवैध खनन माफियाओं को राहत देगी। गत वित्तीय वर्ष में खनन कारोबार से जुडे करीब 3 सौ वाहन प्रतिदिन सडक पर पत्थर लदे हुए दौडते नजर आते थे। लेकिन वर्तमान में स्थिति कुछ अलग ही नजर आ रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है जैसे क्षेत्र में वैध खनन से अधिक कारोबार अवैध खनन का होता है।

खनन माफियाओं एवं रॉयल्टी ठेकेदारों के मध्य क्या है मामला - खनन कारोबारियों एवं रॉयल्टी ठेकेदारों के मध्य आपसी खींचतान का एक मुख्य कारण अवैध खनन कारोबार को भी माना जा रहा है। खनन कारोबारी एवं रॉयल्टी ठेकेदार अपने अपने पक्ष को सही बताने में लगे हुए है। खनन कारोबार से जुडे लोगों का कहना है कि रॉयल्टी ठेकेदार एक निर्धारित राशि वसूलना चाहता है जो कि सरकार के नियम से काफी हद तक अधिक है।

# डीग में संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया

**भरतपुर** (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि संत रविदास के विचार आज के समाज के लिए अति प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, प्रेम, और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएँ आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। उन्होंने जाति, धर्म, और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहने का संदेश दिया। बेढ़म ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी प्रसिद्ध कहावतों से संत शिरोमणि ने समाज के बीच प्रत्यक्ष प्रमाण दिया था।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म रविदासपुरा नगर में संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। बेढ़म के कर कमलों से रविवार को रविदास मंदिर एवं संत रविदास प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म रविदासपुरा नगर में संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण किया।

हुआ। गृह राज्य मंत्री प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संत रविदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि संत रविदास के संदेश देश को समरसता के साथ विकास के पथ पर ले जाने वाले हैं। उन्होंने संत रविदास को नमन करते हुए कहा कि भारत संतों का देश रहा है। इसी परम्परा में परमज्ञानी संत रविदास ने 13वीं शताब्दी में अपने जीवन मूल्यों से समाज को समरसता, नैतिकता व मानवता का संदेश दिए। समाज व देश के नैतिक मूल्यों को मजबूत करने हेतु उनके दिए गए संदेशों को हम सबको आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत रविदास के संदेशों को विकास व सामाजिक समरसता का आधार मानकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उनके संदेशों को युवा पीढी से रूबरू कराने व उनसे प्रेरणा लेकर सामाजिक सद्भाव में हम सबको भूमिका निभानी चाहिए।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने संत रविदास को श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि 13वीं सदी में समाज में व्याप्त भेदभाव जैसी कुप्रथाओं को दूर की समाज को दिशा दी। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी आगन्तुकों का आभार जताया। इस दौरान अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में संत के सी रवि गुरुजी, पूर्व विधायक आगरा गुटियारी लाल दुवेश, पूर्व पार्षद कैलाश मिश्रा, कासी भगत, बृजेंद्र सिंह आदि सम्माननीय प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जांच के लिए भेजे गए नमूनो में से पांच नमूने अमानक

**करौली,** (निंसं.) शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली अभियान एवं ग्रीष्मकालीन अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न दुकानो से खाद्य सुरक्षा मानक अधिनिम 2006 में लिए गए सैंपल खाद्य प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में अमानक पाएं गए जिन पर एडीएम न्यायालय में केस चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि खाद्य प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में अमानक पाए गए सैंपल सैंपल को एडीएम न्यायालय में पेश किया गया है जिसमें राठौर लघु गृह उद्योग भूडारा बाजार करौली से आम का अचार एवं लसोड़ा का अचार, गोमती ट्रेडिंग कंपनी रोडवेज बस स्टैंड हिंडौन सिटी करौली से सरसों के तेल,बद्री लाल विशंभर दयाल श्री महावीर जी से सरसों का तेल,शिव मिष्ठान भंडार सूरोठ से मावा लूज अमानक पाया गया।इन सभी पांचो फर्मो के खिलाफ केस तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया है न्यायालय द्वारा किए गए निर्णय के अनुसार जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है।

## सार-समाचार

### खिरकवास ग्राम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा हुआ समापन

**सूरौठ।** तहसील के समीपवर्ती ग्राम खिरकवास ग्राम में गत सात दिवसों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का रविवार को हुआ समापन सातवें दिवस आचार्य ज्ञानेशवरानंद जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन करते हुए संपूर्ण सार सुनाया गया समस्त बस्ती के द्वारा भागवत कथा सप्ताह का आयोजन करवाया गया भागवत सप्ताह में कथा के आखिरी दिन कथा संपूर्ण सार सुनाया गया और महाराज जी ने कहा कि दृढ़ शक्ति से अगर भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान प्रकट हो करके इस संसार सागर के माया मोह से छुटकारा दिलाकर संसार सागर से मुक्त करा देते हैं भागवत सप्ताह में आसपास के करीब 20 गांवो के श्रोताओं ने भागवत सप्ताह में श्रवण किया कथा के दौरान बीच बीच में सुनायें हुए भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया गया इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों द्वारा व्यास जी का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया गया व शाम को भगवान कि आरती करने के पश्चात् भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसादी का किया गया वितरण इस मौके पर आसपास के दर्जनों से अधिक गांवों के श्रोताओं ने भागवत सप्ताह में श्रवण किया भागवत कथा से गांव का माहौल धर्ममय बना हुआ है सोमवार को भंडारे प्रसादी का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने का ग्रामीणों ने आग्रह किया जिसमें 12 अलग-अलग गांवों में अलग-अलग जिम्मेदारीयां सौपी गई।

### विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण एवं संस्कार सिंचन शिविर संपन्न

**भरतपुर** (निस)। विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण एवं संस्कार सिंचन शिविर के तीसरे और अंतिम दिन युवाओं के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागवत गीता और दर्शन शास्त्र विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कोटा से पधारे युवा सेवा संघ के प्रशिक्षक निखिल, मनीष और पीयूष ने युवाओं को संबोधित करते हुए शिविर में बताई गई बातों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समिति अध्यक्ष रमेशचंद सैनी, संयोजक मेघश्याम एवं सचिव सुधीर सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के आयोजन पुनः करने का संकल्प लिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**करौली,** (निंसं.) करौली की महिला थाना पुलिस ने नाबालिग से गैंगरेप के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करौली में नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।महिला थाना करौली में 16 मई को पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश के लिए टीमें गठित कीं। रविवार को मंडरायल रोड स्थित डूडापुरा मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।महिला थानाधिकारी रुक्मणि के नेतृत्व में गठित टीम में कॉन्स्टेबल अरविन्द,वर्धमान,जालिम सिंह और रामावतार शामिल थे। पूछताछ में आरोपी के खिलाफ लगे आरोप सही पाए गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना में शामिल अन्य संदिग्ध आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वरिष्ठ चिकित्सक ने दी हार्ट रोग की जानकारी

**करौली,** (निंसं.) अपेक्स हॉस्पिटल जयपुर से आए वरिष्ठ चिकित्सक ने करौली में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान हार्ड संबंधी रोग की जानकारी देते हुए बचाव के उपचार बताएं। करौली के शिव पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान जयपुर अपेक्स हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ कार्डियोलॉजी बी एम गोयल ने छाती में दर्द या भारीपन, लंबे समय से खांसी, जल्दी पसीना आना, पैरों में सूजन, घबराहट होना, हाई ब्लड प्रेशर व लंबे समय से डायबिटीज, धड़कन कम या ज्यादा होना, चक्कर आना या बेहोशी होना आदि को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए उनका उपचार बताए उन्होंने आज के समय में बढ़ते हृदय रोगों के लक्षण,बचाव, उपचार, सावधानियां आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों को समय-समय पर हार्ट चेक अप की सलाह दी इस अवसर पर करौली पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा,समाज सेवी बबलू शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, हरिओम शर्मा, डॉ. भुवनेश बंसल, कार्यक्रम से जुडे भूपराम शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जाट समाज ग्यारह गांव ब्रांच की बैठक संपन्नः छात्रावास निर्माण को मिलेगी गति

**हिंडौन सिटी।** जाट समाज चौरसी ब्रांच 11 गांव की एक महत्वपूर्ण आम सभा रविवार को फुलवाड़ा गांव में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष तुलसी राम ने की। सभा में ग्यारह गांवों के पंच, पटेल, कार्यकारिणी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक एकता, शिक्षा और समुदाय के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति के वरिष्ठ सदस्य रतन सिंह ने वित्तीय वर्ष का आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया, जिसे सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया। यह पारदर्शिता समाज के प्रति समिति की जिम्मेदारी को दर्शाता है। सभा का एक प्रमुख एजेंडा फुलवाडा गांव में प्रस्तावित छात्रावास निर्माण कार्य था। इस परियोजना को गति देने के लिए सभी ग्यारह गांवों के प्रतिनिधियों ने सहमति जताई। यह छात्रावास क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए समाज द्वारा एकजुट होकर संसाधन जुटाने और कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष तुलसी राम ने अपने संबोधन में समाज की एकता और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावास का निर्माण न केवल युवाओं के लिए एक मील का पत्थर होगा, बल्कि यह समाज की प्रगति और समृद्धि का प्रतीक भी बनेगा। इस सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामाजिक उत्थान और समुदाय के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का प्रण लिया। यह बैठक जाट समाज चौरसी ग्यारह गांव ब्रांच के लिए एक सकारात्मक कदम साबित हुई, जो भविष्य में समाज के विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### किसान सस्ती दरों पर प्राप्त कर सकेंगे कृषि उपकरण

**करौली,** (निंसं.) केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा करौली के कार्यवाहक ऋण पर्यवेक्षक हाकिम सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि जोत एवं अन्य कार्य हेतु सस्ती दरों पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाने एवं सहकारी समिति को आर्थिक सम्बल देने के लिए बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में 3 ग्राम सेवा सहकारी समितियां सुन्दरपुरा, कीरतपुरा एवं खूण्डां में कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्वीकृति दी गयी थी। उन्होने बताया कि इसी क्रम मे वित्तीय स्वीकृति उपरान्त समिति द्वारा क्रय किए गए टेक्ट्रर एवं अन्य कृषि उपकरण से समिति में स्थापित किए जा रहे कस्टम हायरिंग केन्द्र का आज विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा उद्घाटन किया एवं ट्रेक्टरों को समिति के रवाना किया।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कस्टम हायरिंग केन्द्र हेतु 10.00 लाख के कृषि उपकरण क्रय राशि का 80 प्रतिशत या अधिकतम 8.00 लाख रू. का अनुदान राज्य सरकार द्वारा समिति को दिया जाता है। जिसके अन्तर्गत शेष 2.00 लाख रू. समिति को वहन करना होता है। इन कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना से समिति के पंजीकृत सदस्यों एवं क्षेत्र के किसानों मांग अनुसार सस्ती दर पर कृषि उपकरण किराए पर प्राप्त कर सकेगें। इससे न केवल किसानों को लाभ होगा साथ ही सहकारी समिति को भी अतिरिक्त आय प्राप्त होगी जिससे समिति को आर्थिक सम्बल मिलेगा ।

### शैक्षिणक परिषद में सदस्य मनोनीत।

**हलैना भरतपुर,** (निस)। राजस्थान सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल हरिभाऊ किसन राव बागडे ने गांव भोपर निवासी डॉ पवन धाकड़ को महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय की शैक्षिणक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। डॉ. धाकड़ बृज विश्वविद्यालय प्रबंधन कमेटी के पूर्व में सदस्य भी रह चुके हैं और भाजपा ओबीसी मोर्चा भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष भी रहे हैं। इनके सदस्य चुने जाने पर निजी कॉलेज संचालक संघ के सदस्य विजयपाल चौधरी, डॉक्टर करण सिंह यादव, विष्णु मित्तल पत्रकार धनवीर डागुर, छतर सिंह चौधरी, मास्टर गुड्डू सिंह चौधरी, सुग्रीव सिंह, हरवान सिंह चौधरी, मूलचंद शर्मा आदि ने बधाइयां दी।